Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year-** 17 **Issue-** 35
Ghaziabad, Sunday, 25 January- 2026

25 January to 31 January- 2026

**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.in
Email: editor@tbam.co.in

Page 2

Page 5

Page 8


# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 ने इएमयू लाइन्स के सहयोग से शुरू किया 'वॉर्मथ फॉर विंटर' अभियान

## साहिबाबाद में स्कूली बच्चों को कंबल व ऊनी टोपियों का वितरण

**टीबीसी संवाददाता**

**साहिबाबाद।** दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3012 ने इएमयू लाइन्स के CSR सहयोग से 'वॉर्मथ फॉर विंटर - कंपैशन इन एक्शन' नामक विशेष जनकल्याण अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान का उद्देश्य ठंड के मौसम में स्कूली बच्चों एवं समाज के कमजोर वर्गों को ठंड से राहत प्रदान करना है। इस अभियान के अंतर्गत साहिबाबाद स्थित कंपोजिट स्कूल में एक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों को 315 कंबल और 315 ऊनी टोपियां वितरित की गईं। इस पहल से बच्चों को ठंड से सुरक्षा मिलने के साथ-साथ उनकी पढ़ाई में भी सहयोग प्राप्त होगा।

### कार्यक्रम में रोटरी नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति

इस मानवीय सेवा कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. अमिता मोहिंद्रु, रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर के अध्यक्ष संदीप इंदोरिया, रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी के अध्यक्ष राजेश गोयल, आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक एवं डिस्ट्रिक्ट क्लब कॉर्डिनेटर डॉ. धीरज के. भार्गव, डिस्ट्रिक्ट आरएचएएम चेयर, मनीषा भार्गव, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रतीक भार्गव तथा रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफायर की डॉ. प्रीति नंदी विशेष रूप से मौजूद रहीं।

### इएमयू लाइन्स के उरफसहयोग से 2000 बच्चों तक पहुंचेगी राहत

यह संपूर्ण अभियान इएमयू लाइन्स के CSR सहयोग से संचालित किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत कुल 2000 कंबल और 2000 ऊनी टोपियां जरूरतमंद बच्चों और परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. अमिता मोहिंद्रु ने इएमयू लाइन्स के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल सामाजिक संवेदनशीलता और सामूहिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह मेगा ड्राइव आगामी सात दिनों तक जारी रहेगी, जिसमें रोटरी के विभिन्न क्लब सक्रिय रूप से सहभागिता करेंगे। आज के कार्यक्रम में फ्लअट फाउंडेशन एवं 12 सहयोगी रोटरी क्लबों ने वितरण में सहयोग किया, जबकि आने वाले दिनों में 15 अन्य कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे। इस परियोजना का समन्वय तिरुपति बालाजी एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग केंद्र द्वारा किया जा रहा है, जिसकी जिम्मेदारी डिस्ट्रिक्ट क्लब कॉर्डिनेटर रोटेरियन धीरज भार्गव निभा रहे हैं।










# Editorial

## The Ambition to Become a 'Global Don'

What exactly are US President Trump's intentions? Is he the president of the world's oldest democratic country, or an expansionist, imperialist ruler, or does he now aspire to become a "global don"? President Trump threatens to occupy or attack some country or another every day. After threatening to abduct Venezuelan President Maduro with American troops, he is now issuing similar threats to the presidents of smaller countries like Cuba and Colombia. From international platforms like the World Economic Forum, President Trump has clearly stated that he will seize Greenland because the territory belongs to the US and is crucial for American security. Russia, China, and Europe cannot stop him. However, Trump has said that he will not use military force in Greenland. He has also called Greenland "a piece of ice." This sounds like a story of a conflict between a gigantic, elusive, powerful giant and a Lilliputian dwarf! It is due to President Trump's continuous threats that the US and Europe are facing off against each other for the first time. From the same global platform, French President Macron, without naming Trump, said that Europe will not bow down to anyone's "bullying." Europe will not compromise either. Europe and NATO will together defend Greenland. The prime ministers of countries like Denmark, Belgium, and Canada have warned President Trump not to blackmail Greenland or try to cross the "red line." The Prime Minister of Greenland has declared a "state of war," put the army on alert, and appealed to the people to stock up on five days' worth of rations in their homes. This autonomous country has a population of only 56-57,000, but Greenland holds reserves of 25 of the 30 rare earth minerals considered crucial globally. It also has significant reserves of oil and gas. In fact, this country opens up a sea route that could facilitate trade more easily and quickly. From the platform of the World Economic Forum, President Trump called the presidents of Russia and Ukraine—Putin and Zelensky—"fools." What kind of language and decorum is this? Trump has also called another president a "sick man." It's a different matter, and perhaps a necessity, that Trump has expressed respect for Indian Prime Minister Modi. He called him a "wonderful man" and "my friend," and predicted that a good deal would be struck with India. President Trump's predicament stems from the fact that India imposed a 30 percent tariff on yellow peas imported from the US in October 2025.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# Vedanta Kalinga Lancers book their spot in the final of the Men's Hero Hockey India League 2025-26

## A brace from Alexander Hendrickx helped the Lancers clinch a 2-1 win against Ranchi Royals in Qualifier 1






**Bhubaneshwar.** Vedanta Kalinga Lancers booked their spot in the final of the Men's Hero Hockey India League (HIL), securing a 2-1 win against Ranchi Royals at the Kalinga Hockey Stadium on Friday. Alexander Hendrickx bagged a brace to give his side a 2-0 lead before Mandeep Singh pulled one back for the Royals.

Ranchi Royals began the game on the front foot, keeping possession and moving the ball around neatly to make inroads. Having sustained the early pressure by staying steady at the back, Vedanta Kalinga Lancers grew into the game and eventually broke the deadlock after Alexander Hendrickx (12') converted his dragflick from a penalty corner, giving his side a 1-0 lead in the first quarter.

The Royals pushed forward in search of an equaliser, creating 6 circle entries and earning 4 penalty corners in the second quarter. However, the Lancers continued to show why they're the most reliable defence in the league having conceded only 8 goals thus far, keeping their opponents at bay to hold onto their one-goal advantage at half time.

It was an ideal start to the second half for the Lancers with Alexander Hendrickx (32') doubling their lead. The Belgian converted another penalty corner, rifling it into the back of the net to give his side a two-goal cushion.

Looking for a way back into the game, Ranchi Royals managed to pull one back after a cleverly executed variation from a penalty corner that saw Mandeep Singh (40') finish off the move to reduce the deficit with the score at 2-1 at the end of the third quarter.


It was an end-to-end contest in the final quarter. With eight minutes to go in the contest, the Lancers nearly put the game to bed when Rosan Kujur's deflected effort came off the cross bar. Ranchi Royals remained relentless in pursuit of the leveller with 7 circle entries and a penalty corner. However, the equaliser eluded them. In the end, the Vedanta Kalinga Lancers held their nerve, booking their place in the final with a 2-1 victory.

Ranchi Royals will take on the Hyderabad Toofans in the Qualifier 2 at the Kalinga Hockey Stadium on Sunday, January 25.

All matches of the Hero Hockey India League will be broadcast live on Sony Sports Ten 1, Sony Sports Ten 3 and DD Sports. The matches will also be live-streamed on Waves and the Hockey India League YouTube channel.

# ICC replacement decision imminent as Scotland emerge in Bangladesh row

**New Delhi.** The International Cricket Council (ICC) is expected to announce a replacement for Bangladesh in the ICC T20 World Cup 2026 any time soon, as uncertainty continues over Dhaka's participation in the tournament.




Scotland have emerged as the likely replacement, as per media reports, following Bangladesh's refusal to travel to India citing security concerns—a stance that has remained unchanged despite multiple rounds of discussions and alternative arrangements being explored.

The standoff traces back nearly three weeks to the Board of Control for Cricket in India (BCCI) asking IPL franchise Kolkata Knight Riders to drop Bangladesh pacer Mustafizur Rahman from their IPL 2026 squad, a move that triggered a wider impasse between the Bangladesh Cricket Board (BCB) and Indian cricket authorities.

With less than two weeks remaining before the start of the tournament, the ICC has reportedly indicated that logistical constraints make any significant reshuffle impractical. Bangladesh have also rejected proposals to relocate their fixtures to neutral venues.

In the absence of any breakthrough talks or compromise from the BCB, Scotland remain in line to take Bangladesh's place, though Cricket Scotland has declined to officially confirm the development.

An official statement from the ICC is awaited which is expected to provide clarity on Bangladesh's status and formally name the replacement team for the 2026 T20 World Cup.

# Surya, Kishan fire India to 7 wickets win in 2nd T20I

**Raipur.** Ishan Kishan and Suryakumar Yadav produced a breathtaking batting display to power India to a seven-wicket victory over New Zealand in the second T20 International of the tour at the Shaheed Veer Narayan Singh International Stadium here on Friday.

India suffered early jolts as Sanju Samson (6 off 5) and Abhishek Sharma (0 off 1) were dismissed within the first seven deliveries, reducing the hosts to 6 for 2. From there, Kishan and Suryakumar launched a blistering counterattack.

Kishan smashed 76 off just



32 balls, including 11 fours and four sixes, while captain Suryakumar Yadav remained unbeaten on 82 off 37 deliveries. Together, they put on a 122-run partnership that decisively swung the match in India's favour inside the Powerplay and early middle overs.

Shivam Dube added a quick 36 not out off 18 balls, ensuring India completed the chase with 28 balls to spare, finishing at 209 for 3 in 15.2 overs at a run rate of 13.63. Earlier, New Zealand posted a challenging 208 for 6 in their 20 overs after India elected to bowl. Mitchell Santner led the innings from No.7, remaining unbeaten on 47 off 27 balls, while Rachin Ravindra contributed a fluent 44 off 26 deliveries.

Devon Conway (19 off 9) and Tim Seifert (24 off 13) gave New Zealand brisk starts, but wickets at regular intervals prevented the visitors from fully accelerating.

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 ने इएमयू लाइन्स के सीएसआर सहयोग से शुरू किया 'वॉर्मथ फॉर विंटर' अभियान

## रोटरी इंस्टीट्यूट फॉर स्पेशल चिल्ड्रन में बच्चों को कंबल व ऊनी टोपियों का वितरण
















**टीबीसी संवाददाता**

**साहिबाबाद।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर को ध्यान में रखते हुए रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3012 द्वारा समाज के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से स्कूली बच्चों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 'वॉर्मथ फॉर विंटर - कंपैशन इन एक्शन' नामक मानवीय अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान इएमयू लाइन्स की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत रोटरी इंस्टीट्यूट फॉर स्पेशल चिल्ड्रन में एक भव्य वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान में अध्ययनरत विशेष बच्चों एवं स्टाफ सदस्यों को ठंड से बचाव के लिए कंबल और ऊनी टोपियां वितरित की गईं। इस पहल का उद्देश्य सर्द मौसम में बच्चों और कर्मचारियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना तथा उन्हें अपने दैनिक कार्य एवं शिक्षा को निर्बाध रूप से जारी रखने में सहायता करना है।

कार्यक्रम के दौरान रोटरी इंस्टीट्यूट फॉर स्पेशल चिल्ड्रन के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण भावनात्मक और उत्साहपूर्ण बन गया। उपस्थित अतिथियों और रोटरी सदस्यों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि 'वॉर्मथ फॉर विंटर' अभियान केवल राहत सामग्री के वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति करुणा, संवेदनशीलता और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से आने वाले दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंद बच्चों, बुजुर्गों और असहाय लोगों को भी ठंड से राहत पहुंचाई जाएगी।

इएमयू लाइन्स के सीएसआर सहयोग की सराहना करते हुए रोटरी पदाधिकारियों ने कहा कि कॉरपोरेट संस्थानों का सामाजिक संगठनों के साथ इस प्रकार का सहयोग समाज के कमजोर वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के अंत में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 द्वारा यह संकल्प दोहराया गया कि भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण से जुड़े ऐसे मानवीय अभियानों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि जरूरतमंदों तक समय पर सहायता पहुंचाई जा सके।

# 24–26 जनवरी 2026 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा उत्तर प्रदेश दिवस–2026: सीडीओ अभिनव गोपाल

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान अवगत कराया गया कि जिला प्रशासन, गाजियाबाद द्वारा दिनांक 24-26 जनवरी 2026 को "उत्तर प्रदेश दिवस-2026" का आयोजन किया जायेगा जिसमें मुख्य कार्यक्रमः 24 जनवरी 2026, प्रातः 11:00 बजे से स्थानः पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर, गाजियाबाद में आयोजित किया जायेगा।उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी 2026 तक गाजियाबाद में भव्य एवं व्यापक स्तर पर किया जाएगा।

इस आयोजन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा, औद्योगिक प्रगति और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाना है।

कार्यक्रम में प्रदर्शनियाँ, संगोष्ठियाँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रतियोगिताएँ, रोड-शो और सम्मान समारोह शामिल होंगे। जिसमें तिथिवार 23 जनवरी 2026: नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 24 जनवरी 2026: उत्तर प्रदेश दिवस-2026 (मुख्य समारोह), 25 जनवरी 2026: राष्ट्रीय पर्यटन दिवस एवं मतदाता जागरुकता दिवस, 26 जनवरी 2026: गणतंत्र दिवस (समापन) कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

उन्होने बताया कि लखनऊ में होने वाले राज्यस्तरीय मुख्य कार्यक्रम का सूचना विभाग द्वारा सजीव प्रसारण किया जाएगा। इसके उपरांत जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## युवा, स्वच्छता एवं सामाजिक अभियान

12-23 जनवरी 2026: युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलकूद व युवा कार्यक्रम; विजेताओं को उत्तर प्रदेश दिवस पर सम्मान एवं 12-26 जनवरी 2026: नगर विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान-सभी ग्राम पंचायतों व नगर निकायों में साफ-सफाई अभियान।



## सम्मान एवं पुरस्कार

उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर निम्न को सम्मानित किया जाएगाः जनपद गाजियाबाद के उत्कृष्ट उद्यमी, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता, सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे जनपद गाजियाबाद के निवासी, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएँ, उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सक, प्रगतिशील किसान, वैज्ञानिक, विभिन विभागों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे अधिकारी/कर्मचारी

## प्रदर्शनी एवं स्टॉल

आयोजन स्थल पर विभागीय प्रदर्शनियों एवं स्टॉल लगाए जाएंगेः कुल विभागीय स्टॉलों की संख्याः 25, इन स्टॉलों के माध्यम से विभिन्न विभाग अपनी योजनाओं, उपलब्धियों और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे।

प्रमुख विभाग/थीम में शामिल हैं: पर्यटन विभागः कला, संस्कृति व विरासत आधारित प्रदर्शनी, समाज कल्याणः भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आधारित प्रदर्शनी, परियोजना/नेडाः पीएम सूर्य घर योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नारी सुरक्षाः मिशन शक्ति आधारित प्रदर्शनी, शिक्षाः अटल बिहारी वाजपेयी शताब्दी वर्ष आधारित प्रदर्शनी, उद्योग एवं उद्यम विकासः ओडीओपी उत्पाद, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, इन्वेस्ट यूपी, एक जनपद-एक उत्पाद, सूचना एवं जनसंपर्कः प्रगतिशील उत्तर प्रदेश, काकोरी ट्रेन एक्शन, आपातकाल, सरदार पटेल आदि विषय, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास, दिव्यांगजन कल्याण, स्वास्थ्य, बैंकिंग, खादी एवं ग्रामोद्योग, उद्यान, बेसिक शिक्षा, एनआरएलएम, स्वयं रोजगार आदि विभाग, सभी विभागों को निर्देश है कि 23 जनवरी 2026 की शाम तक अपने स्टॉल पूर्ण कर 24 जनवरी सुबह 9:00 बजे तक तैयार रखें।

## प्रमाण-पत्र एवं लाभ वितरण

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रमाण-पत्र, स्वीकृति पत्र व लाभ वितरण किया जाएगा, जैसेः फार्मर रजिस्ट्री, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, विश्वकर्मा योजना, खादी ग्रामोद्योग, युवा सशक्तिकरण योजना, पीएम शहरी आवास योजना, एनआरएलएम, स्वास्थ्य विभाग, एसआईआरएस, तथा अन्य विभागों की योजनाएँ।

# जिला स्वास्थ्य समिति की शासकीय निकाय बैठक सम्पन्न



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी गाजियाबाद रविंद्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की शासकीय निकाय की बैठक अपराह्न 12:00 बजे से महात्मा गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायती राज विभाग आदि के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं क्षय रोग नियंत्रण हेतु 100 दिवसीय अभियान के संबंध में सभी विभागों का उन्मुखीकरण किया गया।


बैठक में सर्वप्रथम सभी चिकित्सालयों में ओपीडी बढ़ाने हेतु निर्देश दिए गए। जिन विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों द्वारा न्यूनतम सर्जरी की जा रही है, उन्हें नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए।

समीक्षा के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए गए।

जिन केंद्रों पर सीएचओ की तैनाती नहीं है, वहां एएनएम द्वारा नियमित कार्य कराए जाने के आदेश दिए गए। साथ ही सभी केंद्रों पर औषधियों एवं टेस्ट किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया।

संस्थागत प्रसव को बढ़ाने हेतु समुदाय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा प्रसव उपरांत गर्भवती महिलाओं को देय प्रोत्साहन राशि का भुगतान 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनपद स्तरीय उप/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रतिमाह 8 तथा ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रतिमाह 10 चिकित्सा इकाइयों/आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भ्रमण अनिवार्य किया गया एवं राज्य स्तर से उपलब्ध कराई गई चेकलिस्ट के अनुसार रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जनपद में संचालित समस्त 102/108 एम्बुलेंस सेवाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने, शेष रिक्त आशा पदों पर अविलंब चयन करने के निर्देश दिए गए। शहरी क्षेत्र में लगातार अनुपस्थित पाई गई दो एएनएम की सेवा समाप्ति के आदेश जारी किए गए। साथ ही राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में सहभागिता न करने वाले स्वास्थ्य कार्यकताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन सहित स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बसंत के रंग स्वच्छता के संग: गाजियाबाद नगर निगम की भव्य स्वच्छता रैली

## महापौर तथा नगर आयुक्त ने पार्षदों तथा अधिकारियों सहित रैली को दिखाई हरी झंडी










**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहर की स्वच्छता और सुंदरता को नए आयाम देने की दिशा में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 'बसंत के रंग स्वच्छता के संग' थीम पर इंदिरापुरम क्षेत्र में सफाई मित्रों, अधिकारियों तथा विभिन्न विभागीय उपकरणों के साथ भव्य रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ महापौर एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर कई पार्षद, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

रैली में लगभग 77 आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें सुपर सकर, जेटिंग मशीन, मिनी जेटिंग, रॉबर्ट, डिसिल्टिंग मशीन, एंटी-स्मोक गन, जेसीबी, पोकलेन, फॉगिंग मशीन, वेक्ट्रा मशीन, टॉयलेट क्लीनर मशीन, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन, रोड स्वीपिंग मशीन, ट्रिमर, ट्रैक्टर, पानी के टैंकर, एफएसएसएम मशीन सहित अनेक मशीनें भी शामिल थीं। उपकरणों के साथ सफाई मित्र, उद्यान, निर्माण, स्वास्थ्य, प्रकाश एवं जलकल विभाग की टीम भी उत्साहपूर्वक शामिल रही।

इस बारे में नगर आयुक्त ने बताया कि पहली बार नगर निगम द्वारा इतने व्यापक स्तर पर उपकरणों एवं सफाई मित्रों के साथ रैली का आयोजन किया गया है। रैली कनवानी पुलिया से प्रारंभ होकर उक्त्ररोड तक निकाली गई, जिसे शहरवासियों ने सराहा। रैली के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा शहर में प्रतिदिन किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी जन-जन तक पहुंचाई गई।

वहीं दूसरी तरफ महापौर ने भी कहा कि नगर निगम का दायित्व केवल सफाई नहीं बल्कि शहर की सुंदरता और व्यवस्था को बनाए रखना भी है। उन्होंने निगम अधिकारियों को 'हर मौसम में सैनिकों की भांति अलर्ट रहने वाली टीम' बताते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में नागरिकों को भी निगम का सहयोग करना चाहिए।

इस दौरान पार्षद हिमांशु चौधरी, संजय सिंह, विनय चौधरी, मनोज त्यागी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अपर नगर आयुक्त भी मौजूद रहे। आयोजन में वीए टेक और वाबैग की टीम का भी सहयोग रहा।

# गाजियाबाद के उद्यमियों के साथ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने की बैठक



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में जनपद के विभागीय अधिकारियों तथा औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक आयोजित की गई। बैठक में औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित इंद्रप्रस्थ योजना पॉकेट बी में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र में समतलीकरण का कार्य कराए जाने हेतु निविदा की अंतिम तारीख 13 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। 16 फरवरी 2026 को उक्त निविदा खोली जाएगी। दिल्ली लोनी रोड पर नालों का गंदा पानी जवाहर नगर मेट्रो स्टेशन से दो नंबर बस स्टैंड तक अधिकांश भरा रहने की समस्या पर परियोजना प्रबंधक सीएनडीएस गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य का प्रस्ताव तैयार कर आईआईटी रुड़की को वेटिंग हेतु प्रेषित किया गया है, जो आगामी सप्ताह में प्राप्त होना संभावित है। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पीवी पुस्तक पर नाले के नीचे दबी विद्युत केवल को अन्यत्र स्थापित किए जाने का कार्य एनएचएआई द्वारा किया जाना है। उक्त कार्य का एस्टीमेट तैयार कर विद्युत विभाग द्वारा एनएचएआई को प्रेषित किया गया है। जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर शीघ्र स्वीकृति प्राप्त करते हुए कार्य कराए जाने हेतु एनएचएआई को निर्देशित किया गया। पुलिस विभाग से संबंधित उद्यमियों की समस्याओं पर जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात गाजियाबाद को उद्यमियों से निरंतर समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण कार्य से संबंधित यूपसीडा मुख्यालय पर लंबित प्रकरणों जिनमें एस्टीमेट स्वीकृति संबंधी प्रकरण सम्मिलित हैं का विवरण तैयार करते हुए उनकी ओर से एक अर्द्धशासकीय पत्र मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीएसआईडीए, कानपुर को प्रेषित किए जाने के निर्देश संयुक्त आयुक्त उद्योग, श्रीनाथ पासवान को दिए गए। बैठक में उपस्थित उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि ट्रांस दिल्ली सिगनेचर सिटी लोनी में यूपीसीडा द्वारा बनाए जा रहे नालों की गहराई बहुत कम है, जो कि पूर्व निर्मित नालों की गहराई एवं चौड़ाई से काफी कम है, जिससे नालों का पानी ओवरफ्लो होगा और सड़कों पर बहेगा। जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा टोनिका सिटी लोनी औद्योगिक क्षेत्र का शीघ्र ही स्वयं स्थलीय निरीक्षण/भ्रमण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया और सड़कों तथा नालियों के निर्माण आदि का स्वयं अवलोकन करने हेतु आश्वस्त किया गया। जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक के दौरान जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए गए कि सभी विभाग समय सीमा उपरांत लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल की प्रत्येक माह गहन समीक्षा की जाती है, जिसमें निवेश मित्र पोर्टल के सभी आवेदनों को त्वरित निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित लघु उद्योग भारती गाजियाबाद द्वारा अनुरोध किया गया कि मुरादनगर क्षेत्र में कोई भी फायर स्टेशन नहीं है, जबकि मुरादनगर और मोदीनगर क्षेत्र में काफी उद्योग एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्थापित हैं। उक्त संदर्भ में मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि मुरादनगर क्षेत्र में फायर स्टेशन हेतु भूमि उपलब्ध न होने के कारण फायर स्टेशन का निर्माण नहीं हो सका है। जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा उक्त प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुरादनगर गाजियाबाद को इट्स कॉलेज गाजियाबाद के सामने स्थित नगर पालिका परिषद मुरादनगर की भूमि का निरीक्षण मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद को कराए जाने तथा उक्त भूमि फायर स्टेशन के निर्माण हेतु अग्निशमन विभाग को आवंटित किए जाने के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।



# फैटी लीवर का साइलेंट अटैक, ग्रेड 1 को 'सामान्य' समझने की भूल पड़ सकती है बहुत भारी




*कई बार हम फैटी लिवर ग्रेड 1 पर ध्यान नहीं देते हैं। अगर आप भी ऐसी गलती कर रहे हैं, तो आपको समझना चाहिए कि अगर ग्रेड 1 फैटी लिवर पर ध्यान न दिया जाए, तो यह कब ग्रेड 2 या फिर उससे भी सीरियस कंडीशन में बदल जाए, आपको पता भी नहीं चलेगा।*

आजकल फैटी लिवर की समस्या होना आम हो गया है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि आप इस पर ध्यान न दें या फिर इसको नजरअंदाज कर दें। अक्सर जब रिपोर्ट में फैटी लिवर आता है, तो लोग कहते नजर आते हैं कि यह नॉर्मल है और आजकल सभी को होता है। ऐसा सुनकर कई बार हम फैटी लिवर ग्रेड 1 पर ध्यान नहीं देते हैं। अगर आप भी ऐसी गलती कर रहे हैं, तो आपको समझना चाहिए कि अगर ग्रेड 1 फैटी लिवर पर ध्यान न दिया जाए, तो यह कब ग्रेड 2 या फिर उससे भी सीरियस कंडीशन में बदल जाए, आपको पता भी नहीं चलेगा।

लिवर डैमेज की शुरूआत होने पर आपको डॉक्टरों के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। ग्रेड 1 फैटी लिवर को मैनेज करने के लिए आपको अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव करना चाहिए। साथ ही कुछ खास बातों पर ध्यान देना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

## इन तीन बातों पर दें ध्यान

शरीर में माइक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे विटामिन-ई, कोलीन और विटामिन-बी कॉम्पलेक्स, हमारे लिवर के सही तरीके से फंक्शन के लिए काफी जरूरी है। अधिकतर लोग इस बात को नहीं जानते हैं कि अगर में इन चीजों की कमी हो जाती है, तो इसका सीधा असर हमारे लिवर हेल्थ पर पड़ता है। इनकी कमी होने पर लिवर सही तरीके से अपना काम नहीं कर पाता है।

अगर आपको ग्रेड 1 फैटी लिवर है, तो आपको अपनी डाइट में इन न्यूट्रिएंट्स से भरपूर चीजों को शामिल करना चाहिए। जिससे कि लिवर फंक्शन में सुधार हो सके। जब लिवर सही तरीके से काम नहीं करता है, तो शरीर में टॉक्सिन्स जमा होने लगते हैं। ऐसे में लिवर का सही तरीके से फंक्शन करना बहुत जरूरी होता है।

आपकी लिवर हेल्थ पर इंसुलिन रेजिस्टेंस पर असर डालता है। इसकी वजह से भी फैटी लिवर के लक्षण बढ़ सकते हैं। आमतौर पर इंसुलिन रेजिस्टेंस की वजह से ही फैटी लिवर होता है। क्योंकि ब्लड शुगर लेवल बढ़ा हुआ रहता है, इसके कारण लिवर में फैट जमा होने लगता है। फैटी लिवर के लक्षणों को कम करने के लिए इंसुलिन रेजिस्टेंस को कम करना जरूरी होता है। आपकी मेथी दाना और दालचीनी समेत कई चीजें मदद कर सकती हैं।

इंसुलिन रेजिस्टेंस भी आपकी लिवर हेल्थ पर असर डालता है और इसके कारण भी फैटी लिवर के लक्षण बढ़ सकते हैं। आमतौर पर फैटी लिवर, इंसुलिन रेजिस्टेंस की वजह से ही होता है, क्योंकि हमारा ब्लड शुगर लेवल बढ़ा हुआ रहता है और इसकी वजह से लिवर में फैट जमा होने लगता है। फैटी लिवर के लक्षणों को कम करने के लिए, इंसुलिन रेजिस्टेंस को कम करना जरूरी है। दालचीनी और मेथी दाना समेत कई चीजें आपकी मदद कर सकती हैं। जैसे-जैसे इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार होगा, फैटी लिवर के लक्षण भी कम हो सकते हैं।

इंफ्लेमेशन का लिवर हेल्थ पर सबसे बुरा असर होता है। अगर बॉडी में इंफ्लेमेशन ज्यादा है, तो न सिर्फ लिवर खराब हो सकता है। बल्कि कई और बॉडी फंक्शन्स पर भी इसका असर होता है।

# कहीं ऑटो-पे आपके बैंक अकाउंट को खाली तो नहीं कर रहा? इस सरकारी पोर्टल से तुरंत रोकें



*UPI अकाउंट से बिना जानकारी के पैसे कट रहे हैं, तो इसका कारण भूले हुए ऑटो-पे सब्सक्रिप्शन हो सकते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए एनपीसीआई के सरकारी पोर्टल का इस्तेमाल करें, जहां आप एक ही जगह से सभी ऑटो-पे को देख और रोक या रद्द कर सकते हैं।*




अक्सर मोबाइल पर अचानक यूपीआई से पैसे कटने का मैसेज आ जाता है और समझ नहीं आता कि पेमेंट कहां गई। न तो आपने कोई ऑनलाइन शॉपिंग की है और न ही किसी को ट्रांसफर किया है। फिर भी पैसे कटने का यह मैसेज कहाँ से आया? अगर आपके साथ भी ऐसा बार-बार हो रहा है, तो इसकी एक वजह आपके यूपीआई अकाउंट से जुड़ा ऑटो-पे सब्सक्रिप्शन हो सकता है, जो तय समय पर अपने आप भुगतान काट लेता है।

कई बार हम ओटीटी ऐप्स, मोबाइल रिचार्ज, म्यूजिक स्ट्रीमिंग या दूसरी डिजिटल सेवाओं के लिए ऑटो-पे चालू कर देते हैं और समय के साथ यह बात दिमाग से निकल जाती है। बाद में जब ध्यान जाता है कि पेमेंट ऑटो-पे से हो रहा है, तब तक अकाउंट से पैसे कट चुके होते हैं। इसलिए जरूरी है कि पहले यह समझा जाए कि ऑटो-पे के पीछे काम करने वाला छिपा सिस्टम आखिर है क्या।

## क्या है ऑटो-पे का छुपा खेल?

ऑटो पे की सुविधा यूजर्स की सुविधा को ध्यान में बनाई गई है, हालांकि यह सुविधा कभी-कभी नुकसान का कारण भी बन जाती है। ट्रायल खत्म होने के बाद भी सब्सक्रिप्शन जारी रहता है। बता दें कि, ऑटो पे एक से ज्यादा ऐप पर एक्टिव होने से कई बार तो ध्यान ही नहीं रहता की आखिर ये कहां से पैसे कट रहे हैं। इन सभी चीजों को मिलाकर खर्च काफी बढ़ा सकती हैं। कई लोगों का ध्यान ही नहीं रहता की आखिर ये कहां से पैसे कट रहे हैं। इन सभी चीजों से मिलकर खर्च को काफी बढ़ा सकती हैं। इसके बाद महीने के अंत में कुछ लोगों को ध्यान आता है कि उनके खाते से बेवजह कितने पैसे कट गए हैं लेकिन आप इसे सरकारी पोर्टल की मदद से बहुत आसानी से मैनेज कर सकते हैं, कैसे आइए आपको बताते हैं।

## सरकारी पोर्टल से करें पूरा मैनेजमेंट

इसके लिए आप एनपीसीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस समस्या का समाधान पेश किया है। इस वेबसाइट के जरिए आफ अकाउंट से संबंधित सभी ऑटो पे पेमेंट मैनेज कर सकते हैं। यहां जाकर अपने फोन नंबर से लॉगिन कर लेना है। इसके बाद आपको अलग-अलग यूपीआई एप की सेटिंग में भटकने की जरुरत ही नहीं पडेंगी। बस आपको यूपीआई से जुड़े आपके सभी ऑटो पे एक ही जगह दिख जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, आप यहां से किसी भी ऑटो पे को सीधे रोक या समाप्त कर सकते हैं।

यदि आप ऑटो पे को रोकते करते हैं, तो वह कुछ समय के लिए अस्थायी रूप से बंद हो जाएगा, जबकि रिवोक करने पर संबंधित सब्सक्रिप्शन पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इस तरह आप अपने खाते से बिना जानकारी के हो रही अनचाही कटौतियों को आसानी से रोक सकते हैं।

# रोटरी डेंटल मोबाइल वैन ने वंचित बच्चों के लिए नि:शुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन

## ‘अंडर द ट्री’ एनजीओ परिसर में बच्चों को मिला दांतों की जांच व ओरल हाइजीन प्रशिक्षण

**टीबीसी संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समाज के वंचित और जरूरतमंद बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोटरी इंटरनेशनल के तत्वावधान में रोटरी डेंटल मोबाइल वैन के माध्यम से एक नि:शुल्क दंत जांच एवं ओरल हाइजीन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एनजीओ ह्यअंडर द ट्रीह्व परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लेकर दंत परीक्षण और स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठाया।

इस विशेष शिविर में बच्चों के दांतों की नि:शुल्क जांच की गई तथा उन्हें दांतों की सही सफाई, ब्रश करने की विधि और मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों ने बच्चों को खेल-खेल में दंत स्वास्थ्य से जुड़ी आदतों के बारे में बताया, जिससे बच्चों में उत्साह और जागरूकता दोनों देखने को मिली।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को यह समझाया गया कि नियमित रूप से दांतों की सफाई न करने से किस प्रकार दांतों में कीड़ा, मसूड़ों की बीमारी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। चिकित्सकों ने बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने, मीठे पदार्थों के अधिक सेवन से बचने और समय-समय पर दंत जांच कराने की सलाह दी।











इस अवसर पर रोटरी डेंटल मोबाइल वैन बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। मोबाइल वैन में अत्याधुनिक दंत जांच सुविधाएं उपलब्ध थीं, जिसके माध्यम से बच्चों की जांच सहज और सुरक्षित वातावरण में की गई। बच्चों के चेहरे पर दंत चिकित्सकों के स्नेहपूर्ण व्यवहार और सहयोग से मुस्कान दिखाई दी।

यह शिविर आरएचएएम फाण्डेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार की अध्यक्ष अंजू गुप्ता की विशेष भूमिका रही। उन्होंने कहा कि बच्चों का दंत स्वास्थ्य उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और समाज के कमजोर वर्गों तक ऐसी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना रोटरी की प्राथमिकता है।

अंजू गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि वंचित वर्ग के बच्चों को समय पर चिकित्सा सुविधा और जागरूकता मिल सके। उन्होंने आरएचएएम और ह्यअंडर द ट्रीह्व एनजीओ के सहयोग की भी सराहना की। कार्यक्रम के अंत में बच्चों और एनजीओ प्रतिनिधियों ने रोटरी क्लब एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। शिविर का समापन इस संकल्प के साथ किया गया कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने और बच्चों की मुस्कान को सुरक्षित रखने के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# जनवरी में जीडीए को नीलामियों से मिली बड़ी सफलता, दो नीलामियों से लगभग 429 करोड़ रूपये की अनुमानित आय



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा 23 जनवरी 2026 को प्राधिकरण के सभागार कक्ष में संपत्ति कि नीलामी की गई। इस नीलामी की अध्यक्षता जीडीए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल के निर्देशन में हुई, नीलामी में कुल 11 संपत्तियाँ विक्रय हुईं, जिनसे लगभग 234.11 करोड़ रूपये की आय होने का अनुमान है। इससे पूर्व 08 जनवरी 2026 को आयोजित नीलामी से भी जीडीए को लगभग 194 करोड़ रूपये की आय प्राप्त हुई थी। इस प्रकार जनवरी माह की दोनों नीलामियों से प्राधिकरण को कुल लगभग 429 करोड़ रूपये की आय होने की संभावना है। नीलामी में आवासीय, व्यावसायिक, स्कूल एवं ग्रुप हाउसिंग श्रेणी के भूखंड शामिल रहे। इस दौरान निवेशकों ने विशेष रूप से शास्त्री नगर योजना के आवासीय भूखंडों में बड़ी रुचि दिखाई।

शास्त्री नगर की बागवाली कॉलोनी स्थित दो भूखंड, जिनका रिजर्व प्राइस 60,000 प्रति वर्गमीटर था, क्रमशः 2,20,000 एवं 2,60,000 रूपये प्रति वर्गमीटर की ऊँची बोली में बिका, जो रिकॉर्ड स्तर रहा। कोशांबी योजना के आवासीय भूखंड भी आकर्षण का केंद्र रहे। 93,000 प्रति वर्गमीटर के रिजर्व प्राइस वाले ये भूखंड क्रमशः 1,61,000 एवं 1,95,000 रूपये प्रति वर्गमीटर की दर से नीलाम हुए। वैशाली योजना में स्थित 4000 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले स्कूल भूखंड का रिजर्व प्राइस 92,000 प्रति वर्गमीटर था, जो 95,500 प्रति वर्गमीटर की बोली पर लगभग 3.82 करोड़ रूपये में विक्रय हुआ।

नीलामी का मुख्य आकर्षण कोयल एन्क्लेव योजना के दो ग्रुप हाउसिंग भूखंड रहे। 60,000 प्रति वर्गमीटर रिजर्व प्राइस वाले ये भूखंड क्रमशः 60,400 एवं 60,450 रूपये प्रति वर्गमीटर की दर से नीलाम हुए, जिनसे प्राधिकरण को लगभग 158.03 करोड़ रूपये की आय प्राप्त हुई।

इसके अलावा इन्द्रप्रस्थ योजना के पॉकेट-ऊमें 4353 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले ग्रुप हाउसिंग भूखंड को 56,500 प्रति वर्गमीटर की दर से लगभग 24.59 करोड़ में नीलाम किया गया। वहीं पॉकेट-ए के 195-195 वर्गमीटर के दो व्यावसायिक भूखंड 62,000 प्रति वर्गमीटर की दर से करीब 1.20 करोड़ रूपये प्रति भूखंड में विक्रय हुए।



# रोटरी क्लब इंदिरापुरम परिवार और आरएचएएम फाउंडेशन ने टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

**टीबीसी संवाददाता**

**नोएडा।** सीएचसी सेंटर भंगेल में तपेदिक (टीबी) से पीड़ित मरीजों के लिए एक पोषण सहायता एवं खाद्य वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी का उपचार करा रहे मरीजों को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना तथा उपचार प्रक्रिया को प्रभावी बनाना था।

इस कार्यक्रम का आयोजन डिस्ट्रिक्ट हेल्थ मिशन एवं आरएचएएम फाउंडेशन द्वारा विभिन्न रोटरी क्लबों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में इंदिरापुरम परिवार (लीड क्लब), रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, इंदिरापुरम गैलोर, दिल्ली प्रीत विहार, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रीन, हापुड़ प्लेटिनम, हापुड़ एलीट, दिल्ली लेगेसी, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट तथा सोनीपत एजुकेशन सिटी ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी आर.पी. सिंह ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और भारत सरकार के टीबी उन्मूलन मिशन को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का मार्गदर्शन आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव द्वारा किया गया।

इस मानवीय पहल के अंतर्गत टीबी मरीजों को पोषणयुक्त खाद्य किट वितरित की गईं, जिससे उनके उपचार में सहायता मिले और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम का समापन आरएचएएम फाउंडेशन एवं सभी सहयोगी रोटरी क्लबों द्वारा टीबी मरीजों के स्वास्थ्य, पोषण और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ एमपी सिंह, अम्बुज पाण्डेय, राठी जी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।









# स्वच्छता जागरूकता की दिशा में सराहनीय पहल





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आरएचएएम फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी के संयुक्त तत्वावधान में अशियाना होम में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता एवं सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संसाधन उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 960 सेनेटरी पैड अशियाना होम में रह रही बालिकाओं को वितरित किए गए। इसके साथ ही विशेषज्ञों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं इससे जुड़ी भ्रांतियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि स्वच्छता अपनाने से किस प्रकार संक्रमण से बचाव संभव है और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है। आरएचएएम फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग तक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी सेवाओं को पहुंचाना है। वहीं रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी के प्रतिनिधियों ने कहा कि महिलाओं और किशोरियों का स्वास्थ्य सशक्त समाज की नींव है, और इसी सोच के तहत यह अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया। अशियाना होम के प्रबंधन ने इस सहयोग के लिए आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी का आभार व्यक्त किया और इसे बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस प्रकार के सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रयास न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.